कहानी वैष्णो रानी की

कहानी वैष्णो रानी की ...कहानी वैष्णो रानी की ...
कहानी वैष्णो रानी की ...कहानी वैष्णो रानी की ...
तीन पिंडी माँ शेरावाली , कथा भवानी की ,
कहानी वैष्णो रानी की ...कहानी वैष्णो रानी की ...

जम्मू कटरा में रहते, थे माँ के भक्त निराले ,
नाम श्रीधर था उनका, मन के थे भोले भाले ।
रात दिन सांझ सवेरे करते मईया की पूजा,
माँ की सेवा से बढ़कर और कोई काम ना दूजा ।
माता के चरणों में अर्पण...माँ के चरणों में अर्पण पूरी जिंदगानी की,
कहानी वैष्णो रानी की ...कहानी वैष्णो रानी की ॥

कन्या के रूप में माँ ने दिया श्रीधर को दर्शन,
करो भंडारा माँ का , दे आओ सबको निमंत्रण,
सुनी आज्ञा जो माँ की , कहा श्रीधर ने माँ से,
आयोजन भंडारे का करूंगा बोलो कहाँ से ।
मैं निर्धन , औकात नहीं भंडारा कराने की,
कहानी वैष्णो रानी की ...कहानी वैष्णो रानी की ॥

श्रीधर की लेने परीक्षा मन में ठाना भैरव ने,
साधू संतो की टोली चला लेकर वो संग में,
सुनले मायावी कन्या , न तेरी माया चलेगी,
हाथों से भैरवनाथ के आज तू बच ना सकेगी ।
चला पकड़ने कन्या को , उसने नादानी की,
कहानी वैष्णो रानी की ...कहानी वैष्णो रानी की ॥

वीर लांगुर-भैरव में छिड़ा संग्राम भारी,
एक महा-बलशाली , दूजा योगी तपधारी ।
क्रोध में भरकर वैष्णो माँ ने त्रिशूल चलाया,
एक ही क्षण में धड़ से शीश को काट गिराया ।
शीश भैरव का बोल पड़ा , जय जय माँ भवानी की ,
कहानी वैष्णो रानी की ...कहानी वैष्णो रानी की ॥

तेरी पूजा बिन भैरव मेरी पूजा है अधूरी,
तेरे दर्शन के बाद ही ये यात्रा होगी पूरी ।
तीन पिंडी रूपों में मैं यहाँ वास करूँगी,
सरस्वती काली लक्ष्मी संग में निवास करूँगी ।
सौरभ मधुकर अमर कथा ये माँ वरदानी की,
कहानी वैष्णो रानी की ...कहानी वैष्णो रानी की ॥

प्रस्तुतकर्ता - टी सीरीज (Tseries)
भजन गायक - सौरभ मधुकर

भजन रचयिता - मधुकर

स्वर : सौरभ मधुकर

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1593/title/kahani-vaishno-rani-ki-Vaishno-mata-bhent-with-Hindi-lyrics-by-Saurabh-Madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |